ट्रॉफी देकर कार्यक्रम का समापन किया।

पद्मांजलि में आजादी का आनंदोत्सव

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव मे कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेन्टर, कमला नगर में वार्षिकोत्सव 'पद्मांजलि-आजादी का आनंदोत्सव' का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने श्री द्वारिकाधीश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर के किया। विद्यालय कैप्टन सिद्धार्थ सिंह ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने एआईएससीई-2022 साइंस, कॉमर्स व ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम के टॉपर्स ज्योत्सना मिश्रा, शिखर अग्रवाल, शिशिर कुशवाहा को श्री गोविन्द हरि सिंहानिया स्कॉलरशिप अवार्ड के अंतर्गत 1,50,000 की धनराशि बतौर छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्रीकृष्ण की वंदना के साथ हुआ। इसके बाद लघु नाटिका 'विजयोत्सव' के माध्यम से छत्रपति शिवाजी व आदिलशाही के बीच पावनखिंड के युद्ध सजीव चित्रण किया। 'शंकर सुवन केसरी नंदन' के अतंर्गत गोस्वामी तुलसीदास कृत हनुमान चालीसा पर आधारित नृत्य का बच्चों ने प्रभावी प्रस्तुतिकरण किया। इसी तरह कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों ने भारत की सेना के तीनों अंगों का सुंदर प्रदर्शन किया। वहीं लोकनृत्य कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश के गीत-संगीत व नृत्य का मनोहारी प्रस्तुतिकरण किया। इसी तरह यहां 'अनेकता में एकता' कार्यक्रम के तहत कत्थक, भरत नाट्यम व मणिपुरी नृत्य शैलियों के माध्यम से देश की बहुरंगी संस्कृति का प्रदर्शन किया। इसी तरह स्वर समागम में विद्यालय के आर्केस्ट्रा ने तबला, हारमोनियम, वायलिन, गिटार, कैसियो, कांगो, ड्रम, तानपूरा, बांसुरी, बांगों, सितार, की बोर्ड, मेन्डोलिन आदि वाद्ययंत्रों के साथ गायन प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। यहां विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, पार्थो पी कर, भावना गुप्ता, आशीष भार्गव, सुरेन्द्र यादव, कविता चड्ढा, वंदना त्रिवेदी व तविशी अग्रवाल आदि थे।